दिनांक–01 दिसम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से साझा किए अपने विचार। कहा–रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा भारत का खाद्यान्न उत्पादन।
- भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश सहित बारह राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ाई। अब ग्यारह दिसम्बर तक भरे जा सकेंगे गणना प्रपत्र।
- आज से शुरू हो रहा है संसद का शीतकालीन सत्र। उन्नीस दिनों के सत्र में चर्चा के बाद तेरह महत्वपूर्ण विधेयकों के पारित होने की संभावना।
- वाराणसी में कल से शुरू होगा काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण का पहला चरण।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि लीप इंजन एमआरओ सुविधा, आईएनएस माहे और स्काईरूट के इनफिनिटी परिसर भारत की नई सोच, नवाचार और युवा शक्ति को दर्शाते हैं।

**कुछ दिन पहले ही मैंने हैदराबाद में दुनिया की सबसे बड़ी लीप इंजन एम आर ओ फेसिलिटी का उद्घाटन किया है। एयर क्राफ्ट की मेंटेनेंस, रिपेअरएंड ओवर हॉल के सेक्टर में भारत ने ये बहुत बड़ा कदम उठाया है। पिछले हप्ते मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान आइनेश माहे को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। पिछले ही हफ्ते एक स्पेस ईकोसिस्टम को स्काईरूट के इनफिनिटी कैम्पस ने नई उड़ान दी है। ये भारत की नई सोच, इनोवेशनऔर यूथ पावर का प्रतिबिंब बना है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का खाद्यान्न उत्पादन पिछले 10 साल में 10 करोड़ टन बढ़ा है।

**कृषि क्षेत्र में भी देश ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। भारत ने 357 मिलियन टन के खाद्यान्न उत्पादन के साथ एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। 300 एंड 57 मिलियन टन, 10 साल पहले की तुलना में भारत का खाद्यान्न उत्पादन 100 मिलियन टन और बढ़ गया है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि नवम्बर का महीना देश के लिए कई प्रेरणाएं लेकर आया।

**26 नवंबर को 'संविधान दिवस' परसेंट्रल हॉल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वंदेमातरम् के 150 वर्ष होने पर पूरे देश में होने वाले कार्यक्रमों की शानदार शुरुआत हुई। 25 नवंबर को अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा का आरोहण हुआ। इसी दिन कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक का लोकार्पण हुआ।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिलना भारत के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ये देश और देशवासियों की उपलब्धियां हैं। श्री मोदी ने कहा कि इस महीने महिला टीम के क्रिकेट विश्व कप जीतने के अलावा कई खिताब भारतीय खिलाडियों ने अपने नाम किए। प्रधानमंत्री ने लोगों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाने का आग्रह किया। चौथे काशी तमिल संगमम की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के काशी–तमिल संगमम का विषय बहुत ही रोचक है।

**काशी–तमिल संगमम उन सभी लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है, जिन्हें तमिल भाषा से लगाव है। काशी के लोगों से जब भी बात होती है, तो वो हमेशा बताते हैं कि काशी–तमिल संगमम का हिस्सा बनना उन्हें बहुत अच्छा लगता है। यहाँ उन्हें कुछ नया सीखने और नए–नए लोगों से मिलने का अवसर मिलता है। इस बार भी काशीवासी पूरे जोश और उत्साह के साथ तमिलनाडु से आने वाले अपने भाई–बहनों का स्वागत करने के लिए बहुत उत्सुक हैं। मेरा आप सभी से आग्रह है कि आप काशी–तमिल संगमम का हिस्सा जरूर बनें।**

प्रधानमंत्री ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो द्वारा आयोजित अनूठी ड्रोन प्रतियोगिता का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा अयोध्या में ध्वजारोहण, काशी तमिल संगमम और खाद्यान्न उत्पादन जैसे कई अन्य विषयों का उल्लेख करने को लेकर एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उनका आभार जताया ।

**********

भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश सहित बारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर की समय सीमा एक सप्ताह बढा दी है। एक रिपोर्ट–

**संशोधित अधिसूचना के अनुसार अब 11 दिसंबर तक फार्म वितरित किए जा सकेंगे। पहले यह समय सीमा 4 दिसंबर निर्धारित थी। मतदाता सूची का मसौदा अब 16 दिसम्बर को प्रकाशित किया जाएगा। इसी क्रम में प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर जारी है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक राज्य में 70 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन हो चुका है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर की समय सीमा बढ़ाने का स्वागत किया।

**चुनाव आयोग के द्वारा समय–समय पर कोई ना कोई अभियान चलाया जाता है। कर्तव्य पालन हिम्मत के साथ करें और यह एक जिम्मेदारी वाला काम है और उन्हें यह जिम्मेदारी मिली हुई है जो भारतीय संविधान के अनुसार लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। चुनाव आयोग ने एक सप्ताह का जो समय बढ़ाया है, उसका हम स्वागत करते हैं।**

**********

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा है। उन्नीस दिनों के इस सत्र में कुल पंद्रह बैठकें होंगी। एक रिपोर्ट–

**शीतकालीन सत्र में 13 महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और पारित होने की संभावना है। इनमें नेशनल हाईवेज संशोधन विधेयक 2025, एटॉमिक एनर्जी विधेयक, कॉर्पोरेट कानून संशोधन विधेयक, बीमा कानून संशोधन विधेयक और भारतीय उच्च शिक्षा आयोग विधेयक 2025 शामिल है। इसके अलावा 2025–26 के लिए पहले पूरक अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। लोकसभा में पहले दिन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक और स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 पेश करेंगी। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कल लखनऊ के लोकभवन में नई श्रम संहिताओं के बारे में पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किये श्रम सुधार देश की श्रम व्यवस्था को सरल, पारदर्शी और आधुनिक बनाते हुए श्रमिकों को सुरक्षा, सम्मान और समयबद्ध सेवाएँ उपलब्ध कराएंगे। श्री राजभर ने विश्वास व्यक्त किया कि ये सुधार उद्योगों के विकास, रोजगार विस्तार और श्रमिक कल्याण इन तीनों को एक साथ नई दिशा देंगे। नई संहिताएं इक्कीस नवम्बर दो हजार पचीस से पूरे देश में प्रभावी हो चुकी हैं।

**********

काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के आयोजन को लेकर वाराणसी में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। भारत सरकार के तकनीकी शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल ने कल काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि काशी–तमिल संगमम का चौथा संस्करण दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहला चरण 2 से 15 दिसंबर तक वाराणसी में और दूसरा चरण 15 से 31 दिसंबर तक तमिलनाडु में आयोजित होगा।

**काशी–तमिल संगमम का यह चौथा संस्करण है, जिसमें दोनों परम्पराओं को लिंकेज को सेलिब्रेट तो करना है साथ–साथ इस बार मेन थीम है तमिल कलाकलम इसका मतलब आओ तमिल सीखें। इसके तहत हमने विभिन्न प्रयास किये हैं कि काशी के भी तीन सौ स्टूडेंट्स को, भेजा जायेगा तमिलनाडु में वहां नौ इंस्ट्टीच्यूट में आईआईटी मद्रास में विभिन्न केन्द्रीय संस्थाओं में वो दो हप्ते के दौरान स्पोकेन तमिल को सीखेंगे और उसी क्रम में पचास टीचर भी तमिलनाडु से काशी में आयेंगे और यहां पर विभिन्न पचास स्कूलों और महाविद्यालयों में उनको भेजा जायेगा जहां लगभग दो से तीन हजार स्टूडेंट्स को तमिल सीखायेंगे।**

**********

भारत की गायत्री गोपीचन्द और त्रिशा जॉली की जोड़ी ने सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला डबल्स का खिताब जीत लिया। लखनऊ में कल खेले गए फाइनल में भारतीय जोड़ी ने जापान की तनाबे और ऑसावा की जोड़ी को सत्रह इक्कीस, इक्कीस तेरह, इक्कीस पंद्रह से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मैच के अपने अनुभवों को साझा करते हुए गायत्री गोपीचंद ने बताया कि पहले सेट में हारने के बाद उन्होंने अपनी स्ट्रेटजी को बदला और जीत हासिल की।

**हम तो सोच कर गए थे, 1 घंटा तो मैच होने वाला है क्योंकि जैपनीज फेयर है, इजी तो होने नहीं वाला और हां, आई मीन लाइक उसने बोला, फर्स्ट सेट इतना अच्छा नहीं था बट सेकंड सेट स्ट्रेटजी चेंज किया तो अटैकिंग था, रैली था सब काम आ गया।**

**********

आज विश्व एड्स दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य समाज में एचआईवी एड्स के प्रति जनजागरूकता का स्तर बढ़ाना और इसके प्रति व्याप्त मिथक एवं भ्रांतियों का खंडन करना है।

**********